卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐ॐ卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 244 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦11 जून 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## भाजपा किसान मोर्चा ने निकाली ट्रैक्टर रैली

### मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर किया शक्ति प्रदर्शन




रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर आज भारतीय किसान मोर्चा जिला इकाई द्वारा मोदी मैदान से विशाल ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेन्द्र पुंडीर के साथ विधायक शिव अरोरा, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, अनिल चौहान, रैली संयोजक धीरेन्द्र मिश्रा, रामप्रकाश गुप्ता, विवेक सक्सेना, अमित नारंग रैली के मीडिया संयोजक मोहन तिवारी आदि वरिष्ठ नेताओं ने हरी झंडी दिखाकर किया। मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री पुण्डीर ने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार जन अपेक्षाओं पर पूरी (शेष पृष्ठ सात पर)

## सिडकुल में युवक का शव मिलने से सनसनी,हत्या की आशंका

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पंतनगर क्षेत्र में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के शरीर में चोट के निशान मिले हैं जिससे मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो पायी है। शनिवार रात पंतनगर स्थित सिडकुल की शमशेरा फैक्ट्री के पास गन्ने के खेत में एक 35 साल के युवक की लाश मिलने से लोगों में हड़कम्प मच गया। मौके पर लोगों का जमावड़ा लग गया। किसी ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर थानाध्यक्ष पंतनगर राजेंद्र सिंह डांगी, सिडकुल चौकी प्रभारी पंकज कुमार पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच गए। इस दौरान पुलिस ने एकत्र लोगों से मृतक की पहचान कराने का प्रयास भी किया। लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हो पायी। पहचान नहीं होने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक की लाश संभवतः दो दिन पुरानी है। मृतक की छाती पर चोट के निशान है। ऐसे में माना जा रहा है की उसकी छाती में वार कर हत्या की गई है। बाद में लाश छिपाने के मकसद से शव को गन्ने के खेत में फैंका गया है।

गुरू मां उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध

Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available

SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR

Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

## शिरोर गांव में सीएम ने की मंडुआ की बुवाई




उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। दो दिवसीय दौरे पर उत्तरकाशी पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार सुबह उत्तरकाशी के ग्राम शिरोर में मंडुआ की बुआई की। मुख्यमंत्री पावर वीडर से जुताई करते हुए भी नजर आये। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस प्रकार मिलेट्स का प्रचार प्रसार हो रहा है उसी का परिणाम है कि आज देश ही नहीं बल्कि विश्व स्तर पर मोटे अनाज (मिलेट्स) की मांग बढ़ रही है। प्रदेश में सरकार द्वारा मिलेट फसलों को प्रोत्साहन देने के लिए लगभग 73 करोड़ रुपये की धनराशि स्टेट मिलेट मिशन को दी (शेष पृष्ठ सात पर)

## सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत



काशीपुर(उद संवाददाता)। एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल महिला ने आधी रात के बाद उपचार के दौरान एक निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया है। अचानक घटी घटना को लेकर परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से भटपुरा, अजबगढ़ जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश तथा हाल राम कॉलोनी मानपुर रोड निवासी 40 वर्षीय पुष्पा पत्नी जबर सिंह शनिवार की रात्रि लगभग 8:30 बजे पति के साथ साइकिल पर सवार होकर बाजार से खरीदारी करने के बाद वापस घर लौट रही थी। इस दौरान मानपुर रोड पर जब दंपत्ति एक दूध की डेरी पर दूध लेने जा रहे थे इसी दौरान पीछे से एक मोटर साइकिल चालक ने ओवरटेक करने के चक्कर में तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए साइकिल में जबरदस्त टक्कर मार दी। सड़क हादसे की घटना में साइकिल पर सवार महिला गंभीर रूप से लहूलुहान हो गयी जिसे तत्काल उपचार के लिए समीप स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान तड़के लगभग 3 बजे उसने जीवन मृत्यु से संघर्ष करते हुए दम तोड़ दिया। मृतका की दो बेटियां हैं। 20 वर्षीय काजल विवाहित है जबकि 18 वर्षीय आरती नामक पुत्री अभी अविवाहित है। पति जबर सिंह मजदूरी करता है। अचानक घटी (शेष पृष्ठ सात पर)

## रेस्टोरेंट में बवाल,पांच नामजद

काशीपुर(उद संवाददाता)। रेस्टोरेंट स्वामी ने दूसरे समुदाय के कुछ लोगों पर उसके रेस्टोरेंट में घुसकर उसके साथ गाली गलौच व धक्का- मुक्की करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर 5 नामजद सहित अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। मानपुर निवासी रजत पुत्र रामचन्द्र ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका मानपुर रोड पर महफिल फैमली रेस्टोरेन्ट है। शनिवार सायं 7 बजे के लगभग उसके पार्टनर राहुल के मोबाइल पर अजहर नाम के व्यक्ति का फोन आया कि तुम्हारे रेस्टोरेन्ट में अलग-अलग समुदाय के युवक युवती मौजूद हैं। जिस पर उसने कहा कि उसका रेस्टोरेंट तो बंद है तो उसमें कोई कैसे आ सकता है जिस पर अजहर ने कहा कि तुम आकर चौक करवा दो। जिसके बाद रजत चाबी लेकर रेस्टोरेंट पर पहुंचा तो वहाँ पहले से 10-15 लोग मौजूद थे। रेस्टोरेंट खुलते ही वे रेस्टोरेंट में घुस गये, इनके हाथों में लाठी डन्डे थे। इनके (शेष पृष्ठ सात पर)

**मानपुर रोड स्थित एक होटल में समुदाय विशेष के लोगों ने जमकर काटा हंगामा**

## चोरी की पांच बाइकों सहित एक दबोचा

गदरपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने चोरी की पांच बाइकों के साथ एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये वाहन चोर से पूछताछ की जा रही है। खुलासा करते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुए खुलासे के लिए टीम का गठन किया गया था। हाल ही में बाइक चोरी की दो घटनाओं की छानबीन के लिए घटना स्थल के आसपास लगे सी.सी.टी.वी. कैमरो का अवलोकन करने पर मुखविर तंत्र को (शेष पृष्ठ सात पर)




## घर में घुसकर दंपत्ति पर हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने एक घर में घुसकर दम्पत्ति परधारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप घायल कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में प्रीति पत्नी सोनू निवासी रम्पुरा वार्ड 24 ने कहा है कि 9 जून शाम उसके घर के सामने रहने वाले दीपक, रवि, सुमीत पुत्रगण जागन व जागन की पत्नी कमला व मामा कृष्ण कुमार पुत्र लेखराज ने घर में घुसकर उस पर व उसके पति (शेष पृष्ठ सात पर)

# हिंदुओं को गुमराह कर ईसाई बनाने का प्रयास बर्दाश्त नहीं : शुक्ला

किच्छा(उद संवाददाता)। उत्तराखंड देवभूमि में धर्मांतरण कराने वालों की खैर नहीं। किच्छा के आजादनगर वार्ड नंबर 2 में धर्मांतरण कराने का प्रयास करने वाली ईसाई मिशनरी के लोग दुनिया के किसी भी कोने में हों उन्हें हमारी पुलिस ढूंढ कर लाएगी और सजा दिलाएगी। उक्त बनाने के प्रयास का भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पर्दाफाश करने के सम्बंध में जानकारी देते हुए कहा कि किच्छा विधानसभा क्षेत्र उत्तरप्रदेश की सीमा से लगा हुआ है तथा हमारे जिले से नेपाल की सीमा लगती है। भाजपा के आजादनगर के पूर्व प्रधान एवं वर्तमान पार्षद प्रतिनिधि



उद्गार किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने व्यक्त किये। प्रेस वार्ता में विधायक शुक्ला ने आजादनगर में 7 जून को अमेरिका से आए ईसाई मिशनरी के लोगों द्वारा 20 हिंदुओं को गुमराह कर ईसाई राजकुमार कोली को राजीव भारद्वाज के साथ ग्रामीणों ने सूचना दी कि अमेरिका से आए हुए तीन ईसाई ग्राम में 20 लोगों को लालच देकर हिंदू से ईसाई बनाने का षड्यंत्र रच रहे हैं, तत्काल राजकुमार कोली की सूचना पर नगरअध्यक्ष मोहन सक्सेना व अन्य भाजपा कार्यकर्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तब तक उन लोगों ने तीनों ईसाइयों को वहां से पिछले दरवाजे से भगा दिया। इसकी पूरी वीडियो व फोटोग्राफी भाजपा कार्यकर्ताओं ने कर ली। इन सबके दावत की व्यवस्था 20 गुमराह हिंदू व ईसाई मिशनरी के लोगों की फोटो वीडियो मौजूद है। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने बताया कि इस संबंध में सभी तथ्यों से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं अन्य पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया गया है, मामले में मुकदमा कायम हो चुका है। शुक्ला ने कहा कि धर्मांतरण विरोधी कानून पुष्कर सिंह धामी सरकार लेकर आई है तथा किसी भी सूरत में देवभूमि में धर्मांतरण का कुत्सित प्रयास सफल नहीं होने दिया जाएगा। प्रेस वार्ता में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के साथ नगर अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, सभासद संदीप अरोरा, राजकुमार कोली, महामंत्री मुकेश कोली, नितिन बाल्मीकि, सुरेन्द्र चौधरी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# वन दरोगा भर्ती परीक्षा के लिए सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। रविवार को आयोजित वन दरोगा परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे। एसएसपी के निर्देश पर नगर के सभी 10परीक्षा केन्द्रो पर पर्याप्त पुलिस बल को तैनात कर सुरक्षा के कड़े इंतजाम करते हुए सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये थे। उक्त परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु विमल प्रसाद, सीओ अल्मोड़ा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। नोडल अधिकारी द्वारा परीक्षा ड्यूटी में नियुक्त समस्त पुलिस बल की ब्रीफिंगकर सुरक्षा व्यवस्था एवं चेंकिग/ फ्रिस्किंग हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। वरिष्ठ उप निरीक्षक सतीश चंद्र कापड़ी कोतवाली अल्मोड़ा द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमण कर परीक्षा केन्द्रों में नियुक्त पुलिस बल को कानून शान्ति व्यवस्था व चेंकिग/फ्रिस्किंग हेतु आवश्यक ब्रीफ किया गया। सभी परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सुव्यवस्थित तरीके से लाईन लगाकर एचएचएमडी से सघन चेकिंग फ्रिस्किंग की गयी। नोडल अधिकारी सीओ अल्मोड़ा द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमण कर ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस बल को परीक्षा केंद्रों पर लागू धारा 144 सीआरपीसी का प्रभावी रूप से पालन कराने व ड्यूटी के संबंध में गाइड किया गया। जनपद एलआईयू लगातार सक्रिय रहकर परीक्षा को प्रभावित करने वाले तत्वों पर सतर्क दृष्टि बनाए रही। नगर में परीक्षा के दृष्टिगत वन वे यातायात व्यवस्था लागू की गई वाहनों के सुव्यवस्थित आवागमन हेतु पर्याप्त संख्या में यातायात पुलिस कर्मी ड्यूटी में लगाये गये थे। सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर अल्मोड़ा पुलिस की सोशल मीडिया टीम द्वारा लगातार निगरानी की गयी।



# अग्निकाण्ड पीड़ित व्यापारी को मुआवजा देने की मांग

रूद्रपुर। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा और पार्षद मोहन खेड़ा ने किच्छा रोड पर शनिवार को पेंट हाउस में हुए भीषण अग्निकाण्ड पीड़ित व्यापारी को बीस



लाख मुआवजा देने की मांग की है। बता दें बीते दिवस किच्छा रोड कुष्ठ आश्रम के सामने स्थित इकरार पाशा की पेंट की दुकान में भीषण आग की भेंट चढ़ गयी थी। जिलाध्यक्ष गावा, महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा और पार्षद मोहन खेड़ा ने मौके पर पहुंचकर अग्निकाण्ड का जायजा लिया और अग्निकाण्ड पीड़ित इकरार पाशा को ढांढस बंधाया। इस दौरान श्री गावा और सीपी शर्मा ने कहा कि अग्निकाण्ड की यह बहुत बड़ी घटना है। इसमें व्यापारी इकरार पाशा को भारी क्षति पहुंची है उनके सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि पीड़ित व्यापारी को पर्याप्त मुआवजा दिया जाना चाहिए ताकि वह फिर से अपना रोजगार खड़ा कर सके। कांग्रेस नेताओं ने धामी सरकार से अग्निकाण्ड पीड़ित को राहत देने के लिए बीस लाख का मुआवजा देने की मांग की। नेताद्वय ने कहा कि एनडी तिवारी सरकार के दौरान रूद्रपुर के मुख्य बाजार स्थित व्यवसायी सेतिया की हार्डवेयर की दुकान में भी इसी तरह का भीषण अग्निकाण्ड हुआ था। तब एनडी तिवारी सरकार ने पीड़ित परिवार को पर्याप्त मुआवजा देकर राहत प्रदान की थी। जिससे सेतिया परिवार को पुन: अपना व्यवसाय खड़ा करने में मदद मिली। आज इसी तरह की मदद की जरूरत इकरार पाशा को भी है। उन्होंने कहा कि रोजगार खत्म होने से इकरार पाशा के परिवार के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। सरकार को जल्द से जल्द इस परिवार की मदद के लिए आगे आना चाहिए।

# सतत फिलिंग स्टेशन में सीएनजी की सुविधा शुरू

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गोला बाईपास रोड में सतत फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप में सीएनजी स्टेशन का शुभारंभ हुआ। जो कि हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र का पहला सीएनजी पंप है। इसका शुभारंभ क्षेत्र विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, मेयर जोगिंदर पाल सिंह रौतेला व एचपीसीएल कंपनी के वरिष्ठ सेल्स ऑफिसर विपुल कुमार वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान पंप के संचालक गोपाल दत्त जोशी, राजू जोशी, हरीश चंद्र जोशी, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदीप बिष्ट, दर्जा राज्यमंत्री प्रकाश हरबोला, तरुण बंसल, मंडल अध्यक्ष मुकेश बेलवाल, पार्षद मनोज मठपाल मौजूद रहे। एचपीसीएल कंपनी के वरिष्ठ सेल्स ऑफिसर विपुल वर्मा ने बताया कि नैनीताल जिले में एचपीसीएल द्वारा कई पंपों पर सीएनजी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है और भी कई पंपों पर सीएनजी स्टेशन बनाने का कार्य लगातार प्रगति पर चल रहा है। केंद्र सरकार की नीति प्रदूषण रहित भारत के तहत एचपीसीएल कंपनी कार्य कर रही है और पर्यटन सीजन के तहत बाहरी राज्यों से आने वाली गाड़ियों को आसानी से सीएनजी की सुविधा मिलेगी। साथ ही क्षेत्र वाहन प्रदूषण से मुक्त हो सकेगा।



# वीरांगनाओं की समस्याओं को लेकर सजगता दिखाने की अपील

बागेश्वर(उद संवाददाता)। वीरागंना महिला पंचायत प्रतिनिधियों ने जिले की समस्याओं को लेकर अधिकारियों से इंटरफेस वार्ता की। उन्होंने गरुड़, बागेश्वर और कपकोट विकास खंड की समस्याओं का समाधान करने की मांग की। ऐसा नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। द हंगर प्रोजेक्ट के तहत वीरागंना महिला पंचायत प्रतिनिधि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैजनाथ पहुंचे। प्रभारी चिकित्साधिकारी से वार्ता की। कहा कि जनता को सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए जन औषधि केंद्र खोला गया है, यहां पर सस्ती दवाइयों के नाम पर ब्रांडेड दवाइयां बेची जा रही हैं। गरुड़ और कपकोट में लंपी बीमारी से गौवंशीय पस्त हैं। पशुचिकित्साधिकारी से वार्ता कर शिविर लगाने की मांग की। गरुड़ बाजार में कूड़ा निस्तारण करने की मांग नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी से की। शौचालयों का निर्माण और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने को कहा। जिला पूर्ति अधिकारी को बताया कि राशन व्यवस्था कुछ गांवों में ठीक नहीं है। राशनकार्ड में कई नाम छूट गए हैं। वन विभाग से वन पंचायत सरपंचों को सक्रिय करने और नियमित बैठक कराने की मांग की। बाल विकास अधिकारी को बताया कि कपकोट आंगनबाड़ी में टीएचआर के समय पर नहीं मिल रहा है। शिक्षा विभाग के अटल उत्कृष्ट इंटर कालेज में प्रधानाचार्य सहित अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान, राजनीतिकशास्त्र के शिक्षक नहीं हैं। कार्यालय पर सहायक लिपिक और स्वच्छ की नियुक्त की जाए। इस दौरान हेमा पंत, मनीषा आर्या, तारा टाकुली, मंजू बोरा, पूजा कपकोटी, शशि शाही, भावना, दीपा, कविता, कौशल्या, मीना, पुष्पा, गंगा, रूपा, विमला, यशोदा अनीता, कमला आदि उपस्थित थे।

# जाम की समस्या को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

रामनगर(उद संवाददाता)।शुक्रवार को रामनगर में यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर पहुंचकर एसडीएम गौरव चटवाल के माध्यम से एक ज्ञापन जिलाधिकारी को भेजा आपको बता दें कि रामनगर में कुछ दिन से लगातार लग रहे घंटो तक के जान से भीषण गर्मी में लोगों का बुरा हाल है जाम में जहां एक और वाहन में सवार लोग परेशान है तो वही जाम के कारण सड़क से पैदल गुजरने वाले लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है रामनगर में जाम की समस्या से निजात दिलाने को लेकर पुलिस और प्रशासन की कई बार बैठकें हो चुकी हैं और जनता से सुझाव भी दिए जा चुके हैं लेकिन बैठक समाप्त होने के बाद जनता के सुझाव केवल फाइलों में ही बंद हो जा रहे हैं जिस कारण रामनगर में लगातार जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी ने जिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन में कहा कि रामनगर को जाम की समस्या से निजात दिलाई जाए तथा पूर्व जिलाधिकारी धीराज गबरियाल द्वारा शाम व सुबह 200 घंटे के लिए लखनपुर से कोसी बैराज तक बड़े व छोटे वाहनों का प्रवेश बंद करने के आदेश दिए गए थे जिसके बाद से इस क्षेत्र से गुजरने वाले सभी वाहनों का लोड मुख्य बाजार में हो रहा है जिस कारण यह समस्या उत्पन्न हो रही है उन्होंने लखनपुर से बैराज तक शाम के समय में बंद वाहनों के प्रवेश को खोलने की मांग की है मामले में एसडीएम द्वारा कार्रवाई करने का भरोसा दिया गया है।

# महिला हेड कांस्टेबल ने लौटाया नगदी भरा पर्स

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महिला यातायात पुलिस में तैनात एक महिला हेड कांस्टेबल ने ईमानदारी का परिचय देते हुए मार्ग में मिले नगदी भरे पर्स को पता लगाकर उसके स्वामी को सौंप दिया। जिसकी खूब सराहना की जा रही है। जानकारी के अनुसार महिला यातायात पुलिस में तैनात हेड कांस्टेबल कांता अग्रवाल को भदईपुरा रोड पर एक पर्स मिला। उसमें 6600 रुपए के अलावा एटीएम, आधार कार्ड समेत अन्य आवश्यक कागजात रखे हुए थे। महिला कांस्टेबल ने किसी तरह पर्स स्वामी का मोबाइल नंबर निकाला और उसे इस सन्दर्भ में सूचना दी। महिला कांस्टेबल करतारपुर रोड पर रहती हैं। उन्होंने पर्स स्वामी विकास कुमार को बुला कर पर्स सौंप दिया। पर्स मिलने पर विकास व उसके साथ आए लोगों ने महिला हेड कांस्टेबल का आभार जताया।



# बुटीक में काम करने वाली युवती लापता

काशीपुर(उद संवाददाता)। बुटीक में काम करने वाली एक युवती बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताई जा रही है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला बांसफोड़ान निवासी मोहम्मद इमरान पुत्र अहमद हुसैन ने बताया कि उसकी 20 वर्षीय पुत्री गोसिया और शिफा मदान बिस्किट वाली गली में स्थित सोना बुटीक में काम करती है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि रोजाना की भांति बीते 23 मई को बुटीक स्वामिनी सोना ने उसकी पुत्री को फोन कर लगभग 3:00 बजे काम करने के लिए प्रतिष्ठान पर बुलाया। इस दौरान वह घर से बुटीक लिए निकली लेकिन वापस घर नहीं लौटी। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों को चिंता सताने लगी। उन्होंने तमाम संभावित स्थानों पर गायब युवती की तलाश किया लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। मामला पुलिस के संज्ञान में आने पर उसने गायब युवती का पता लगाना शुरू कर दिया है।



# भीषण गर्मी से लोग बेहाल,उबल रहे वाटर टैंक

रूद्रपुर।उत्तराखंड में मौसम शुष्क बना हुआ है और पहाड़ से लेकर मैदान कर चटख धूप खिल रही है। खासकर मैदानी क्षेत्रों में झुलसाने वाली गर्मी है। हालांकि, आज से मौसम के मिजाज में बदलाव की उम्मीद है। जबकि बिजली गुल होने से लोगों को भीषण गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की वर्षा हो सकती है। रविवार को ऊधमसिंहनगर, हल्द्वानी सहित रूड़की हरिद्वार के मैदानी क्षेत्रों में भीषण गर्मी का असर दिख रहा है। वहीं प्रदेश में बीते एक सप्ताह से लगातार गर्मी बढ़ रही है। मौसम शुष्क होने के कारण चटख धूप पसीने छुटा रही है। ज्यादातर मैदानी शहरों का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। पहाड़ों में भी दोपहर की धूप बेहाल कर रही है। चिलचिलाती धूप एवं गर्मी ने हर किसी को परेशान कर दिया है। रुड़की में तो स्थिति यह है कि सड़कें गर्म हो जा रही हैं। छतों पर रखे वाटर टैंक का पानी उबल जा रहा है। पिछले कई दिन से रुड़की एवं आसपास के क्षेत्रों में गर्मी का सितम कहर बरपा रहा है। सुबह से ही चिलचिलाती धूप एवं गर्मी से हर कोई बेहाल है। बाजार खुलने के साथ ही सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा है। सुबह से लेकर शाम तक यही स्थिति बनी हुई है। शनिवार को रुड़की का तापमान जहां 40 डिग्री रहा, वहीं न्यूनतम तापमान भी 25 डिग्री पर बना हुआ है। शाम छह बजे के बाद ही बाजारों में रौनक लौट रही है। गर्मी से बचने के लिए लोग गंगनहर के किनारों पर पहुंच रहे हैं।

# डीएम ने अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में निरीक्षण के दिये निर्देश

अल्मोड़ा( उद संवाददाता)। जिलाधिकारी विनीत तोमर ने सरकार जनता के द्वारहमारा संकल्प अनुशासित प्रदेश कार्यक्रम के तहत अधिकारियों द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे ग्राम भ्रमण/निरीक्षण के संबंध में बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि रोस्टर के अनुसार जिस अधिकारी को जो न्याय पंचायत /ग्रामसभा निरीक्षण/भ्रमण हेतु आवंटित है, वह अधिकारी स्वयं संबंधित न्याय पंचायतग्रामसभा का निरीक्षण करे तथा लोगों की समस्याओं को सुने एवं




उन समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के साथ संवादपत्राचार कर लोगों की समस्याओं का निस्तारण करे। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार जनता के द्वाराष तथा ष्हमारा संकल्प अनुशासित प्रदेश कार्यक्रम मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसलिए सभी अधिकारी इस कार्य को गंभीरता पूर्वक संपादित करें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जिस अधिकारी द्वारा ग्राम भ्रमण किया जाता है, तो इसकी रिपोर्ट तैयार कर अनिवार्य रूप से निरीक्षण/भ्रमण के बाद जिलाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि यदि किसी अधिकारी की इस कार्य में लापरवाही सामने आती है, तो संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।इस दौरान अपर जिलाधिकारी सीएस मर्तोलिया समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# संदिग्ध हालात में पुलिस लाइन में तैनात कांस्टेबल की मौत

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। स्वीमिंग पूल गए कांस्टेबल की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मौत से स्वजन में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से रानीखेत निवासी 28 वर्षीय धीरज भंडारी पुत्र गणेश भंडारी वर्ष 2007 बैच का पुलिस कर्मी था। वह पुलिस लाइन में तैनात था और छतरपुर में परिवार के साथ रहता था। शनिवार दोपहर वह छतरपुर स्थित एक स्वीमिंग पूल में गया हुआ



था। जहां अचानक वह बेहोश हो गया। इसका पता चलते ही स्वजन उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसका पता चलते ही मृतक के स्वजन में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और जानकारी ली। साथ ही शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा।उधर पुलिस लाईन में दिवंगत सिपाही को सलामी दी गई। इस दौरान एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी, एसपी क्राइम चन्द्रशेखर घोडके, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, सीओ सिटी अनुषा बडोला समेत अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी ने दिवंगत को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद परिजन शव मूल निवास ले गए। मृतक की पत्नी भी पुलिस विभाग में बतौर कांस्टेबल है उनके दो बच्चे हैं।

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा शुरू

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भूमिया देव मन्दिर समिति चौधरी कॉलोनी द्वारा वैष्णो मन्दिर स्वामी बिहार से भव्य कलश यात्रा निकाली गई जोकि देवभूमि मन्दिर में पहुँची। इस दौरान भगवान राधे के जयकारों माहौल भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं सहित भरी संख्या में श्रद्धालुओ ने हिस्सा लिया। सायंकाल श्रीमद् भागवत पुराण कथा कथावाचक श्याम सुन्दर शास्त्री ने कथा सुनाई। मीडिया



प्रभारी सचिन राठौर ने कहा कि आगामी 17 जून तक प्रतिदिन शाम तीन बजे से सात बजे तक श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन होगा।कार्यक्रम में सचिन राठौर, दिनेश अग्रवाल, पुष्पा चौहान, त्रिलोक यादव, अविनाश गुप्ता, चीनू गुप्ता, किशन वर्मा, श्रद्धा राठौर, नीतू पाल, रामबाबू गुप्ता, रंजीत केसरवानी आदि लोग उपस्थित थे।

# समर कैंप में बच्चों ने मस्ती के साथ सीखे कई हुनर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एलायंस कालोनी में निदेशक शिखा हुड़िया द्वारा बच्चों के बौद्धिक एवं शारीरिक विकास के लिए दस दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागी बच्चों द्वारा आपस में खूब मस्ती करने के साथ ही कई उपयोगी हुनर का प्रशिक्षण भी लिया। दस दिन चले बच्चो के इस समर केंप में बच्चो को फिजिकली फिट रखने के लिए बहुत सी नई ए जिसमे



पर्सनेलिटी डेवलपमेंट, योगा, डांस, स्टोरी टेलिंग, प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया गया। समर केंप के आखिरी दिन निदेशक शिखा हुड़िया ने परिवार सहित बच्चो को उपहार देकर प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि समर कैम्प का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनके विद्यालय अवकाश दिनों का सदुपयोग कराने तथा उन्हें मनोरंजन के साथ ही जीवन उपयोगी महत्वपूर्ण जानकारियां देना है। समर कैम्प के दौरान सभी बच्चे काफी उत्साहित रहे।

# चैकिंग के दौरान अवैध लकड़ी से भरा पिकप पकड़ा

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। वन सुरक्षा दल ने चेकिंग के दौरान अवैध रूप से लाई जा रही लकड़ी से भरा पिकप सीज कर दिया। वाहन चालक मौके से फरार हो गया। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी हल्द्वानी एवं उप प्रभागीय वनाधिकारी के दिशा निर्देशन में वन अपराध नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत वन सुरक्षा दल को मुखबिर से सूचना मिली कि किच्छा सितारगंज मार्ग से पिकप में साल मिश्रित जलौनी लकड़ी अवैध रूप



से लाई जा रही है। सूचना पर तुरंत वन सुरक्षा दल की टीम ने घेराबंदी की शाम करीब सात बजे किच्छा सितारगंज मार्ग पर पिकप संख्या यूके 06सीबी4483 को रोकने का इशारा किया गया, टीम को देखकर वाहन चालक मार्ग के किनारे वाहन खड़ा करके भाग गया। वाहन की खाना तलाशी लेने पर वाहन में अवैध साल मिश्रित जलौनी लदी पायी गई। वाहन को टीम द्वारा अपनी अभिरक्षा में लेकर विभागीय संसाधनों की सहायता से ढोला वन चौकी परिसर में इंदर लाल आर्य उप राजिक बाराकोली रेंज की सुपुर्दगी में अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु सुरक्षित खड़ा कर दिया गया। टीम में दिनेश चंद्र बुधलाकोटी वन दरोगा, पान सिंह मेंहता,वन दरोगा, निर्मल रावत वन दरोगा, सोनू कुमार वन आरक्षी, नरेंद्र पांडे वन आरक्षी वाहन चालक चंदन सिंह मौजूद थे।

# गोल्ड ऋण वितरण में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को मिला सम्मान

सितारगंज( उद संवाददाता)। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा चलाए जा रहे प्रोजेक्ट पावर के अंतर्गत शनिवार को क्षेत्रीय कार्यालय हल्द्वानी द्वारा रुद्रपुर स्थित होटल आर्क में मेगा आउटरीच कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाप्रबंधक श्री प्रमोद कुमार गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में ग्राहकों को लगभग 85 करोड़ रूपये के ऋण स्वीकृति पत्र एवं पीएम स्वनिधि के अंतर्गत क्यूआर कोड का वितरण महाप्रबंधक महोदय एवं श्री




गौरव कुमार क्षेत्र प्रमुख, हल्द्वानी द्वारा किया गया। इसके साथ ही ग्राहकों से डिजिटल उत्पादों का प्रयोग अधिक से अधिक करने का आग्रह भी महाप्रबंधक महोदय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान निशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया गया। कार्यक्रम के दौरान सितारगंज शाखा को गोल्ड ऋण वितरण में उत्कृष्ठ प्रदर्शन हेतू सम्मानित किया गया स कार्यक्रम में जिले की शाखाओं के शाखा प्रबंधक, बिजनेस रिलेशनशिप मैनेजर श्री सुमित सक्सेना, रुद्रपुर मुख्य शाखा प्रबंधक श्री दीपक कापड़ी, सितारगंज शाखा प्रमुख श्री प्रियांक गुप्ता , उप क्षेत्र प्रमुख श्री कमलेश बर्गली के साथ क्षेत्रीय कार्यालय के अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

# अवैध रेता से भरा वाहन सीज

शक्तिफार्म( उद संवाददाता)। प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी हल्द्वानी एवं उप प्रभागीय वनाधिकारी के दिशा निर्देशन में वन अपराध नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत वन सुरक्षा दल ने मुखबिर की सूचना पर किच्छा सितारगंज मार्ग से बिना रायल्टी के खनन सामग्री ले जा रहे ट्रक को पकड़कर सीज कर दिया। सूचना पर तुरंत वन सुरक्षा दल की टीम द्वारा मार्ग पर घेराबंदी की गई किच्छा सितारगंज मार्ग पर 14 टायरा डंपर संख्या यूपी 25एफटी5311 को आते देख जांच



हेतु रोकने का इशारा किया गया। टीम को देखकर वाहन चालक मार्ग के किनारे वाहन खड़ा करके भाग गए। वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में अवैध रेता लदा पाया गया। रेता संबंधी आवश्यक कोई भी वैध प्रपत्र मौके पर नहीं मिला। वाहन चालक के विरूद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। वाहन को टीम द्वारा अपनी अभिरक्षा में लेकर विभागीय संसाधनों की सहायता से ढोला वन चौकी परिसर में इंदर लाल आर्य उप राजिक बाराकोली रेंज की सुपुर्दगी में अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु सुरक्षित खड़ा कर दिया गया। टीम में दिनेश चंद्र बुधलाकोटी वन दरोगा, पान सिंह मेंहता,वन दरोगा, निर्मल रावत वन दरोगा , सोनू कुमार वन आरक्षी, नरेंद्र पांडे वन आरक्षी वाहन चालक चंदन सिंह मौजूद थे।

# रिटायर्ड जेई से बीस लाख की रंगदारी मांगने पर पत्रकार दंपत्ति के खिलाफ रपट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कुछ तथाकथित पत्रकारों द्वारा पत्रकारिता की आड़ में लोगों को ब्लैकमेल कर रंगदारी मांगने की घटनाएं निरंतर सामने आ रही हैं। ऐसा ही एक मामला यहां पर भी उभर कर सामने आया है जिसमें पति पत्नी द्वारा स्वयं को तथाकथित पत्रकार बताकर जिला विकास प्राधिकरण के सेवानिवृत अवर अभियंता से बीस लाख रुपए रंगदारी मांगी गई। पूरा मामला संज्ञान में आने पर आईजी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी तथाकथित पत्रकार पति पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के सेवानिवृत्त अवर अभियंता ने आईजी कुमाऊं से शिकायत की थी कि वर्ष 2019 में तथाकथित दंपत्ति पत्रकार ने कई मुद्दों पर उन्हें धमकाना शुरू कर दिया था और तब से ब्लैकमेल कर उनसे रंगदारी वसूलने लगे। सामाजिक प्रतिष्ठा देखते हुए उन्होंने कई बार उनकी डिमांड भी पूरी की। सेवानिवृत्ति के बाद भी आरोपियों की ओर से रंगदारी मांगने का सिलसिला जारी रहा। आरोपियों ने सोशल मीडिया पर कई झूठी पोस्ट कर उनकी छवि को खराब किया। इतना ही नहीं आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी भी देते रहे। उनका कहना है कि इस संबंध में उन्होंने कई बार पुलिस से शिकायत भी की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे उत्साहित होकर कहा कि अब आरोपियों ने उनसे 20 लाख रुपये की डिमांड की है। इससे वह और उनका परिवार मानसिक रूप से परेशान है। मामले पर संज्ञान लेते हुए आईजी डॉ. नीलेश आनंद भरणे ने इस संबंध में अधीनस्थ को कार्रवाई के निर्देश दिए। इधर एसपी सिटी हरबंस सिंह का कहना है कि आरोपी पति पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# पूर्व सीएम त्रिवेंद्र का फूंका पुतला

रामनगर (उद संवाददाता)। शुक्रवार को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता त्रिवेंद्र सिंह रावत के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए रानीखेत रोड पर उनका पुतला दहन किया कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे को देशभक्त कहे जाने वाला बयान पूरी तरह निंदनीय है। उन्होंने कहा कि जब राष्ट्रपिता के हत्यारे को भाजपा नेता देशभक्त कहेंगे तो देश में अन्य अपराधियों की परिभाषा क्या होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग संविधान की शपथ लेने के बाद संविधान की ही खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं।

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# भाजपा सरकार में व्यापारियों के हित सुरक्षित : भट्ट

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। शकुन्तलम बैंक्वेट हॉल में नैनीताल व ऊधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र के व्यापारी सम्मेलन का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर शुरू हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यापारी नीरज शारदा ने किया। जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने कहा कि हमारे मुख्यमन्त्री पुष्कर सिंह धामी ने नेतृत्व में उत्तराखण्ड सही दिशा में जा रहा है। देश में अनेको षड्यंत्र रचे जा रहे हैं जिसे हमारे व्यापार को प्रभावित करने के लिए भी अनेक षड्यंत्र रचे जा रहे है जिसे हमारे केन्द्र व प्रदेश की सरकारों ने विफल किया है। व्यापारी विरेन्द्र चड्ढा ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार को 9 वर्ष पूरे होने पर हमारा देश विश्व के पटल पर सर्वोच्च अग्रणी स्थान में है जिसका श्रेय नरेन्द्र मोदी की सरकार को जाता है चढ्ढा ने कहा कि रेल काठगोदाम से मुंबई तक चालू हो और शहर में फ्लाईओवर का निर्माण हो जिससे शहर में जाम की स्थिति से निदान मिले। व्यापरी रमेश बिंजोला ने कहा कि 1975 में बैंक से लोन लेना ऐसा लगता था की जैसा चांद पर चढ़ना जैसा लेकि आज नरेन्द्र मोदी सरकार ने यह कार्य बहुत सरल कर व्यापारी हितो के लिए किया उन्होने कहा कि महिला उद्यमियों को भी बढ़ावा मिलना चाहिए। काशीपुर जिले के जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूर्व में व्यापारियों की पार्टी कही जाती है हमने नरेन्द्र मोदी के समय करौना काल में जो मोदी सरकार ने किया उसका धन्यवाद हमे करना चाहिए। विधायक उधम सिंह नगर शिव अरोरा ने कहा कि हमारा सौभाग्य रहा कि हमारे सांसद अजय भट्ट का सानिध्य हमें सदा प्राप्त होता रहा और हमेशा मिलता रहेगा। जीएसटी से बड़ा प्रभाव पड़ा जो हमारे कल्पना से परे थी जो नरेन्द्र मोदी सरकार ने सफल किया पहले अधिकारी व्यापारियों का शोषण करते थे लेकिन अब सब नेट पर सब दिख जाता है हमारी सरकार ने यह सब किया। हमारा देश सुरक्षित रहेगा तो हमारा व्यापार सुरक्षित रहेगा। लालकुआँ विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि आप केवल व्यापारी ही नही है बल्कि आपसे ही भारतीय जनता पार्टी को आपसे हमे प्रेरणा और मजबूती मिलती रही है। हम और हमारे पार्टी और हमारा हर कार्यकर्ता व्यापरियों के हितो में खड़ा है। महापौर जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला ने कहा कि वैन्डर सबसे छोटा व्यापारी होता है जबसे देश आजाद जब से किसी ने किसी ने सुध ली तो केवल नरेन्द्र मोदी सरकार ने छोटे व्यापारियों को ऋण तुरन्त दिया जाता है। वूमेंस इम्पावरमेंट महिलाओं को लिंग की समानता हो महिलाओं को मजबूत करना उनके लिए नगर निगम हल्द्वानी कुंडा कलेक्शन का काम हमने 55 महिला समहू को कार्य सौंपा गया जिसे हमारी आय में दुगना लाभ हुआ है जिसक हम 25 प्रतिशत हम महिलाओं को देते है हमने नाम दिया है बैणी सेना नाम दिया है। प्रदेश अनुशासन समिति दीपक मेहरा ने कहा की राष्ट्रीय सड़क योजना है उज्जवला हो महिलना संस्कृतिकरण योजना हे शौचालय योजना है यह प्रधानमंत्री के नौ साल के समय में आप लोगो ने सफल बनाया। केन्द्र रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने कहा कि देश में कोरोना फैला। आज उसकी स्थिति अन्दर से खराब लेकिन हमारे देश ने सही समय पर वैक्सीनेशन करके विश्व को चेताया हमारे एक पडोसी देश में आज आटा ऐटम बम हो गया जो हमें बम की धमकी देते थे आज खुद उनकी जनता भूखी पड़ी है। लेकिन हमारे देश में हर घर को राशन बांटा जा रहा है हमने घर घर राशन पहुंचाया। यह हमारी सरकार नरेन्द्र मोदी की सरकार ने किया। भारत की अर्थव्यवस्था उपर को उठ गयी है 1947 के बाद भारत की अर्थ व्यवस्था सबसे उपर है। भट्ट ने कहा की व्यापारी के बारे में पहले बड़ी अफवाहं फैलाते थे लेकिन आज जीएसटी ओनलाइन होने से व्यापारी सुकून में है आज चारों तरफ हमारी सरकार की लहर चल रही है। विश्व में कोई घटना घटती है विदेश के नेता भारत की और देखते है। मोदी ने जाति धर्म से उपर उठकर जनता के लिए काम किया। आज विदेशी नेता देखने आते कि कि भारतीय जनता पार्टी से सीख लने भारत आते है चाहे आज विपक्ष माने या ना माने अन्तर्मन से मानते है आज देश में 400 ट्रेन वंदे भारत भारत में चलने जा रही है 200 करोड़ की योजना में काम चल रहा है हल्द्वानी को सिरमौर बनाने का काम किया जा रहा है फ्लाईओवर के लिए भी 756 से 80 लाख रूपए आ चुके है दोछे उद्योगो को भी हमे बढ़ाने का का कर रहे है हमारा उद्देश्य है पहले देश फिर पार्टी फिर परिवार और जनता और व्यापारी लोगो के लिए संकल्पित है सदा हम तत्पर रहेंगे। मंच संचालन विनीत अग्रवाल, मंचासिन रहे प्रदेश कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, दीपक मेहरा, मदन फर्त्याल, महामन्त्री नवीन भट्ट, रंजन बर्गली, कश्मीरी लाल साहनी, नैनीताल जिला सह प्रभारी विवेक सक्सेना, प्रदेश प्रवक्ता अनिल डब्बू, मीडिया प्रभारी भुवन भट्ट, तरूण बंसल, उपाध्यक्ष प्रतिभा जोशी, मोहन पाठक, अमिता अग्रवाल, चित्रा सुयाल, चन्दन बिष्ट, संजय पाण्डे, विष्णु सक्सेना, भुवन पाण्डे, व्यापारी राजीव अग्रवाल, मनोहर केशवानी, मनोज आयसवाल आदि लोग मौजूद थे।





# विधायक ने मार्ग निर्माण कार्य का किया शुभारम्भ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। राज्य योजना के अंतर्गत ग्राम हरिदासपुर से दिनेशपुर को जोड़ने वाले हॉटमिक्स मार्ग के निर्माण कार्य का क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा हरिदासपुर से दिनेशपुर को जोड़ने वाला सम्पर्क मार्ग लम्बे समय से जर्जर हालत में था क्षेत्र के लोगो की बहुत समय से इस मार्ग के निर्माण की मांग थी जिसको राज्य योजना से स्वीकृत करवा कर इसके निर्माण कार्य का आज शुभारंभ कर दिया है और बहुत जल्द ही कार्य पूर्ण कर आम जन को समर्पित कर दिया जायेगा । विधायक शिव अरोरा ने कहा रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य चल रहे हैं और आने वाले समय मे लम्बित विकास कार्यो को भी जल्द ही करवाया जायेगा। विधायक ने कहा मोदी सरकार और धामी सरकार प्रदेश के विकास को लेकर गम्भीरता से कार्य कर रही है जिसके परिणाम धरातल पर आने लगे हैं । इस दौरान अमित नारंग, जिला पंचायत सदस्य जगदीश विश्वास,ग्राम प्रधान इंद्रपाल चौधरी,ग्राम प्रधान बिशन सिंह,स क्षेत्र पंचायत सदस्य कौशल विश्वास, क्षेत्र पंचायत सदस्य सुखदेव सिंह, पूर्व प्रधान नरेश तपाली, सुब्रत बाचार,अशोक डाली,अजितेश पाइक , पंकज सरदार, राजेंद्र गुप्ता, सुखदेव हालदार, राजकुमार मंडल, केशव पाइक, अभिषेक मंडल, कार्तिक मंडल, विकास गुलदार, मिथुन हलदर, हरजीत हालदार, सार्थक मुटनेजा, अजय वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।





# सीएम ने उत्तरकाशी में किया 110 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

## जनकल्याणकारी योजनाओं के कुल 63 लाभार्थियो को आर्थिक चेक वितरित किए

उत्तरकाशी(उद संवाददात)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को उत्तरकाशी में आयोजित मुख्य सेवक आपके द्वार कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए 34710.19 लाख की 110 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छह प्रतिभाशाली छात्रों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से सम्मान राशि का चेक वितरित किया एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को अनुदान राशि एवं आवास की चाबी भेंट की। उन्होंने विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के कुल 63 लाभार्थियो को भी चेक वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 9 साल का कार्यकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। पीएम किसान सम्मान निधि से 11 करोड़ से अधिक किसानों को 6000 सालाना दिए जा रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना जैसी तमाम जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में लगभग 18 हजार पॉलीहाउस के स्थापना हेतु 304 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। प्रधानमंत्री के विशेष प्रयासों से वर्ष 2023 को इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स के रूप में मनाया जा रहा है। राज्य में स्टेट मिलेट मिशन को मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं के हित में देश का सबसे कड़ा नकल विरोध ी कानून लागू किया है। हमारी सरकार जल्द समान नागरिक संहिता लागू करेगी। हमारी सरकार ने उत्तराखण्ड धर्म स्वतंत्रता (संशोधन) विधेयक पारित किया है। इस अवसर पर यमुनोत्री के विधायक श्री संजय डोभाल, पुरोला के विधायक श्री दुर्गेश्वर लाल, गंगोत्री के विधायक श्री सुरेश चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री सत्येंद्र सिंह राणा, पूर्व विधायक श्री राजकुमार, श्री केदार सिंह रावत, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री सूरतराम नौटियाल आदि मौजूद रहे। वहीं मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी में भागीरथी नदी किनारे आयोजित गंगा आरती में सम्मिलित होकर पूजा-अर्चना कर प्रदेश में खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री ने गंगा आरती में स्थानीय एवं अन्य राज्यों से आए श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि प्रध ानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में मां गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने पर निरंतर कार्य हो रहा है। हम सभी को अपने मन से मां गंगा की निर्मलता पर कार्य करना चाहिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा हेतु मध्य प्रदेश से आए श्रद्धालुओं से वार्ता कर उनसे यात्रा व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक लिया। जिस पर श्रद्धालुओं ने राज्य सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं कि प्रशंसा की।








# अधिकारियों के साथ बैठक में की विकास कार्यों की समीक्षा

उत्तरकाशी। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी में जिले के अधि कारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से ईमानदारी और निष्ठा से काम करने की अपेक्षा करते हुए कहा कि विकास योजनाओं एवं जन कल्याणकारी कार्यक्रमों का पूरा लाभ सभी को मिले, इस हेतु तत्परता से जुटना होगा। उन्होंने कहा कि कार्यों में लापरवाही या शिथिलता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। भ्रष्टाचार के मामलों में सरकार ने कड़े कदम उठाए हैं और सतर्कता विभाग को ऐसे मामले पर निरंतर प्रभावी निगरानी रख कड़ी कार्रवाई करने को कहा गया है। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी सहित सभी अधिकारियों को क्षेत्र पंचायत और तहसील दिवसों में अनिवार्य रूप से भाग लेकर जनता की समस्याओं का प्रभावी और त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने की हिदायत दी। अधिकारियों को आम आदमी की जिंदगी में बदलाव लाने के लिए समर्पित होकर जुटना होगा। इस मौके पर विधायक गंगोत्री सुरेश चौहान, विधायक पुरोला दुर्गेश्ववर लाल, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण, भाजपा जिलाध्यक्ष सतेंद्र सिंह राणा, वरिष्ठ भाजपा नेता किशोर भट्ट, मनवीर चौहान, जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला आदि उपस्थित रहे।

# जनता त्रस्त,भाजपा सत्ता के गुरुर में मस्त: ज्योति

बागेश्वर(उद संवाददाता)। महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला एक दिवसीय भृमण पर बागेश्वर पहुँची, कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रदेशभर का दौरा चल रहा है।



भाजपा लोकतांत्रिक व्यवस्था को खत्म करने पर तुली है।सत्ता के नुमाइंदों के कहने पर नियम कानून सभी को दरकिनार किया जा रहा है, सरकार सुशासन का झूठा दावा कर प्रदेशवासियों को गुमराह कर रही है, आम आदमी आज अपने कार्यों के लिए परेशान है, सत्ता के चुंनिन्दा नुमाइंदों के द्वारा अधिकारियों को उनके कथनानुसार चलकर काम करने की नसीहत दी जा रही है, सरकार एक तरफ आदेश देती है तो दूसरी तरफ सरकार द्वारा अधिकारियों को जल्द ट्रांसफर होने का भय दिखाकर रसूखदारों को खुला संरक्षण देकर मनमानी की जा रही है, ऐसे में आम गरीब अपने कार्यो के लिए परेशान है जिसे अब अधिक बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इससे पूर्व पहली बार यहां पहुंचने पर उनका कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। स्थानीय होटल पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष रौतेला ने कहा कि भाजपा देश में सामाजिक द्वेष बढ़ा रही है। धर्म और जाति के नाम पर लोगों को बांट रही है। बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार से ध्यान भटकाया जा रहा है। महिला उत्पीड़न की शिकायतें बढ़ती जा रही है। मोदी सरकार उत्पीड़न करने वालों को बचा रही है। पहलवानों के विरुद्ध सांसद ब्रजभूषण सिंह का बचाव करने में भाजपा की पूरी पार्टी लगी है। उन्हें सड़कों पर मारा जा रहा है। जिसे महिला कांग्रेस किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस में चल रही नाराजगी परिवार की है। परिवार में कई तरह के लोग होते हैं। कुछ न कुछ हमेशा चलता रहता है। जो भी नाराज हैं उनको मना कर ही वह यहां से वापस जाएंगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा उप चुनाव में महिला कांग्रेस मजबूती से खड़े होकर कांग्रेस को जीत दिलाएगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष गोपा धपोला, नंदी भंडारी, लक्ष्मी ध र्मशक्तू, रंजीत दास, ललित फर्स्वाण, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत डसीला, लोकमणि पाठक, कवि जोशी, शोभा देवी, मीना देवी, प्रकाश कोहली,भीम कुमार, गोकुल सिंह,, विश्नुली देवी, प्रियांशी लोबियाल, हंसी दानू, लक्ष्मी धपोला, दीपा धपोला, जानकी देवी, ममता मेहता, गंगा देवी, पुष्पा देवी, नीलम देवी, आदि उपस्थित थे।

# नव मतदाता सम्मेलन में लोकतंत्र की मजबूती का लिया संकल्प

बागेश्वर (उद संवाददाता)।भाजपा देश मे युवाओं को देश की आवाज बनाना चाहती है, युवाओ को भाजपा संगठन से जोड़कर संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए भाजपा नव मतदाताओं को पार्टी से जोड़कर मजबूत करने में जुट गई है।भाजयुमो का नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर नव मतदाताओ का स्वागत करते हुए उनकोभाजपा संगठन में जुड़कर मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।




साथ ही संगठन की मजबूती पर बल दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि मोदी सराकर के नौ साल के कार्यकाल में देश का चहुंमुखी विकास हुआ है। आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का सीना चौड़ा है। पार्टी कार्यालय में युवाओं और संगठन की शान समझे जाने वाले कुशल राजनीतिज्ञ, सरल स्वभाव और देश प्रदेश में अपनी वक्तव्य शैली से संगठन को मजबूती प्रदान करने वाले मुख्य व्यक्ता एड.कुंदन परिहार व भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि युवा वर्ग ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। मोदी सरकार के नौ वर्षो के कार्यकाल में भारत लगातार विकास कर रहा है। उनकी इस विकास की यात्रा को युवा वर्ग तक पहुंचाने के साथ साथ उन्हे उनकी भूमिका को लेकर बताया जा रहा है। देश में 30 मई से 30 जून तक महा जनसंपर्क अभियान चल रहा है। इस दौरान मोदी के कार्यों को जन जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा की देश को विकास की राह लगातार बनी रहे इसमें युवा वर्ग की बड़ी भागीदारी है। युवा वर्ग मजबूती से अपने मत का प्रयोग करते हुए देश के विकास में अहम भागीदारी निभाने को कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष दीपक गस्याल ने की। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्सवाण, महामंत्री संजय परिहार व घनश्याम जोशी,और दिवंगत कैबिनेट मंत्री के सुपुत्र और उपचुनाव में भाजपा के संभावित विधायक पद प्रत्यासी गौरव दास,मनोज ओली,अंकित नगरकोटी, दीपक खुल्बे, संजय जोशीसहित दर्जनों नवमतदाता आदि मौजूद रहे।

# पांच दिवसीय गीता ज्ञान गीता ध्यान शिविर शुरू

हरिद्वार(उद संवाददाता)। भीमगोडा स्थित श्री कृष्ण कृपा धाम में पांच दिवसीय गीता ज्ञान गीता ध्यान शिविर की शुरुआत हुई। इस आवासीय शिविर में देश भर से गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के मुख से गीता के जीवन में उपयोग और



ध्यान सीखने के लिए लोग पहुंचे हैं।शिविर की शुरुआत के पहले दिन हरिद्वार नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी एवं रामानुजाचार्य परंपरा के स्वामी अरुण दास महाराज उपस्थित रहे।उन्होंने दीप प्रज्वलन कर शिविर की शुरुआत की।शिविर में सुबह के सत्र में योगासन प्राणायाम एवं ध्यान करवाया गया।अपरान में गीता को कैसे जीवन में उतारा जाए, उसके मूल मंत्र पर स्वामी ज्ञानानंद ने चर्चा की एवं शाम के सत्र में बाल प्रतिभाओं ने भारतीय संगीत एवं भजन गायन में सबका मन मोह लिया यह शिविर मंगलवार को संपन्न होगा।गीता को जीवन का मैनुअल बताते हुए स्वामी ज्ञानानंद ने कहा गीता केवल कुरुक्षेत्र में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को नहीं सुनाई, इसे रोज हमें अपने अर्जुन रूपी मन को सुनाकर समझाना है की जब सब प्राणियों में एक ही सत्ता विद्यमान है तो कोई भी बड़ा या छोटा नहीं हो सकता ।छोटी केवल हमारी सोच है और हमें इन विचारों को बदलना होगा तभी अहंकार शून्य होकर इस जीवन को सहज रूप में दिया जा सकता है ।तभी हम द्वंद्व रहित होंगे और सुख-दुख के पलड़े में बार-बार ऊपर नीचे नहीं होंगे एक क्षमता की स्थिति हमारे जीवन में आ सकती है ,अगर हम गीता को जीने का मूल मंत्र सीख ले। उद्घाटन सत्र में सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा की गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद देश विदेश में लाखों लोगों को जिओ गीता के माध्यम से लोगों के जीवन में परिवर्तन ला चुके हैं आज के दौर में गीता उतनी ही सार्थक है जितनी कुरुक्षेत्र के मैदान में अर्जुन के लिए साबित हुई।काष्णी आश्रम रमन रेती मथुरा वृंदावन से स्वामी गुरु शरणानंद जी ने भी अपना शुभकामना संदेश भेजा।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर होगी सख्त कार्रवाई

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एस पी सिटी ने ट्रक, टेंपो, ऑटो, टैक्सी, ई रिक्शा यूनियन के साथ बैठक कर सख्त निर्देश निर्देश दिए कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर तत्काल कार्यवाही होगी। हरबन्स सिंह एसपी सिटी द्वारा कोतवाली के मीटिंग हॉल में टैक्सी यूनियन, ट्रक यूनियन, टेंपो यूनियन, ऑटो यूनियन, ई रिक्शा यूनियन, के प्रबंधकों के साथ यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने हेतु कई दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में सर्वप्रथम ट्रक यूनियन के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि किसी भी ट्रक में प्रेशर हॉर्न नहीं पाया जाना चाहिए पुलिस चेकिंग के दौरान यदि प्रेशर हॉर्न पाया जाता है तो ट्रक चालक एव प्रबंधक के विरुद्ध तत्काल वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने टैक्सी, टेंपो, ऑटो प्रबंध कों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने ही स्टैंड से चलना सुनिश्चित करेंगे। ऑटो एवं टेंपो प्रबंधकों को निर्देशित किया कि वह अपने निर्धारित रूट कलर से अपने मार्ग पर चलना सुनिश्चित करेंगे। ई-रिक्शा प्रबंधकों को निर्देशित किया कि वह गलियों में ही ई रिक्शा चलाएंगे तथा मेन रोड पर कोई भी ई रिक्शा चलता हुआ पाया जाता है तो उसके विरुद्ध तत्काल एमवी एक्ट 'एल के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। ओके होटल, सिंधी चौराहा, जेल रोड चौराहा, ताज चौराहा चलने वाले नो ऑटो एवं टेंपो जोन रहेगा। एस.पी. सिटी द्वारा कोतवाली तथा थाना बनभूलपुरा की चीता मोबाइल तथा थाना हल्द्वानी, बनभूलपुरा के रात्रि अधिकारी के द्वारा प्रात: 4 बजे से बस स्टेशन एवं केएमओयू स्टेशन में यातायात के नियमों का पालन करवाया जाएगा। एसपी सिटी द्वारा निर्देशित किया गया कि यदि किसी भी उपरोक्त स्टैंड के द्वारा यातायात के नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो उसके विरुद्ध तत्काल वैध ानिक कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## महिला पहलवानों की मांग

महिला पहलवानों को लेकर सरकार की ओर दिखाई गई सक्रियता को देर से सही दिशा में हुई प्रगति कहा जा सकता है।यह पहले से साफ था कि कुछ महिला पहलवानों ने जिन सवालों पर अपना आंदोलन जारी रखा था और उसमें दिल्ली में पुलिस के रवैये की वजह से अप्रिय हालात भी पैदा हुए, उस सबके समाधान का रास्ता इस समूचे मामले में पूरी पारदर्शिता के साथ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करना है। लेकिन विडंबना यह है कि महिला पहलवानों की बार-बार मांग के बावजूद सरकार की ओर से कुछ औपचारिक प्रतिक्रियाओं के अलावा समय पर उचित और ठोस कदम उठाने को लेकर खास रुचि नहीं दिखाई गई।यह बेवजह नहीं है कि अपनी पीड़ा को जाहिर करते हुए खिलाड़ियों के बीच निराशा फैली और उसके बाद उन्होंने पदक को गंगा में बहाने तक का फैसला कर लिया था। अगर सरकार हर वक्त यह दावा करती रहती है कि वह किसी भी मामले में पीड़ित पक्ष को समय पर न्याय मिलना सुनिश्चित कराएगी, तो महिला पहलवानों और उनके साथ खड़े लोगों के सामने ऐसी स्थिति नहीं आनी चाहिए थी। लेकिन यह सबने देखा कि अपनी वाजिब मांगों के लिए प्रदर्शन करने वालों के प्रति सरकार और पुलिस का रवैया कैसा रहा।अब जब मामले ने तूल पकड़ लिया है, तब जाकर सरकार ने संवाद और कानून की प्रक्रिया को एक शक्ल देना शुरू किया है। सच यह है कि महिला पहलवानों ने जिस तरह के संवेदनशील मुद्दे के साथ अपना आंदोलन शुरू किया था, उसमें आरोपी और आरोपों की गंभीरता के मद्देनजर न्याय की ओर बढ़ने के दो रास्ते थे। पहला, हर स्तर पर कानून के मुताबिक स्पष्ट कदम उठाना और दूसरा, आंदोलन कर रही पीड़ितों के साथ संवाद स्थापित कर न्याय के लिए सही दिशा में बढ़ना। अब खेल मंत्री की ओर से कहा गया है कि खिलाड़ियों के आरोपों पर भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजमोहन शरण सिंह के खिलाफ 15 जून तक आरोपपत्र दाखिल हो जाएगा और तब तक खिलाड़ी अपना प्रदर्शन स्थगित करने पर सहमत हो गए हैं। इसके अलावा, महिला पहलवानों की यह मांग भी है कि खिलाड़ियों या अखाड़ों और कोचों के खिलाफ दर्ज मुकदमों को वापस लिया जाए। फिर यह भी विचित्र है कि डब्लूएफआइ में एक अनिवार्य व्यवस्था के रूप में महिला अध्यक्ष के तहत आंतरिक शिकायत समिति होनी चाहिए थी, उसके लिए महिला खिलाड़ियों को मांग करनी पड़ी।अब इस मसले पर कार्रवाई के लिए सरकार की ओर दिखाई गई सक्रियता को देर से सही दिशा में हुई प्रगति कहा जा सकता है। लेकिन सवाल है कि शुरू से यही सबसे उपयुक्त रास्ता होने के बावजूद सरकार को समय पर इस तरह की पहल करना जरूरी क्यों नहीं लगा। इस समूचे मामले में उठते सवालों से लेकर अदालत तक शिकायत पहुंचने, प्राथमिकी और उसमें दर्ज धाराएं बिल्कुल स्पष्ट रहीं कि इस संदर्भ में कानून के मुताबिक क्या और कैसे कदम उठाए जा सकते हैं।लेकिन सरकार की ओर से हल तक पहुंचने का जो रास्ता अब अपनाया गया है, उसे लेकर शुरुआती दौर में अगर शिद्दत से पहल की गई होती तो एक संवेदनशील मामले में महिला पहलवानों को न्याय की मांग के लिए इस कदर जद्दोजहद से नहीं गुजरना पड़ता। सरकार के सामने भी आरोपी के खिलाफ जरूरी कदम उठाने में टालमटोल करने जैसी शिकायतें सामने आईं। समय रहते जरूरी कार्रवाई के प्रति उदासीनता दिखाने पर सरकार सवालों के कठघरे में देखी गई। इस स्थिति से बचा जा सकता था। आंदोलनकारी महिला पहलवानों के साथ पुलिस ने जो बर्ताव किया, वह अपने आप में सरकार के रुख को बताने के लिए काफी है। अब सरकार ने अगर कानून के मुताबिक कदम उठाने का भरोसा दिया है, तो इसके प्रति उसकी इच्छाशक्ति में ईमानदारी दिखनी भी चाहिए।

# विशाल मंगल कलश यात्रा में उमड़ा हरि भक्तों का सैलाब

गढ़ीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर एवं संत श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज के सानिध्य में हो रहे "पावन जन्मोत्सव " के उपलक्ष में चार दिवसीय विराट धर्म सम्मेलन के तीसरे दिवस नगर में विशाल मंगल कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें 1008 सौभाग्यवती महिलाएं विशेष परिधानों में सज सँवरकर सुंदर सजे हुए कलश उठाकर श्री का स्वागत किया। कलश यात्रा श्री हरि कृपा धाम आश्रमश गढीनेगी से एएन झा इंटर कॉलेज करनपुर तक पहुंची। कलश यात्रा में बैंड, ढोल, बाजे, घोड़े, भक्तों द्वारा गाए गए महाराज जी की महिमा के भजन, कीर्तन गाए गए। वाद्य यंत्रो, शंख, घंटों की ध्वनि से पूरा नगर गुंजायमान हो गया। कई स्कूलों के छोटे-छोटे बच्चों ने भी शोभायात्रा में भाग लिया।महाराज श्री ने रथ को छोड़कर में जगह जगह प्रसाद व जलपान की व्यवस्था भी की गई थी।इसके पश्चात महाराज जी ने अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया, व शाम को महाराज जी के दिव्य प्रवचन हुए। उन्होंने अपने दिव्य ओजस्वी प्रवचन में कहा कि मानव जीवन की सार्थकता मात्र पशु तुल्य अपने तक ही सीमित रहने में नहीं, अपितु किसी के काम आने में हैं। ईश्वर की कृपा से प्राप्त धन, बल, पद, होता है । धर्म से , गुरु से , किसी संत से या परमात्मा से यदि आप जुड़े हैं तो आपका और भी अधिक उत्तरदायित्व हो जाता है कि आपके आचरण, स्वभाव, खानपान,वाणी, संगति आदि और भी श्रेष्ठ हो। श्री महाराज जी ने श्री हरेश्वर महादेव का पूजन व महाभिषेक कर के कलश यात्रा का शुभारंभ किया। मार्ग में ही गुरुद्वारे में श्री महाराज जी ने माथा भी टेका। कलश





चल रही थी। कलश यात्रा के अलावा भजन, कीर्तन तथा महाराज जी के दिव्य प्रवचन भी हुए। कलश यात्रा में क्षेत्रीय व देश भर से आए काफी संख्या में भक्तों ने भाग लेकर बड़ी श्रद्धा और उल्लास पूर्वक फूल-मालाएं पहनाकर व पुष्प वृष्टि करके ष्श्री गुरु महाराजष् ष्कामां के कन्हैयाष् ष्लाठी वाले भैयाष् की जय जय कार के साथ पूरे नगर को गुंजायमान कर दिया।जगह-जगह हरि भक्तों ने महाराज पैदल चलना ही स्वीकार किया। कलश यात्रा में आकर्षक ढंग से सुंदर सजे हुए मंगल कलश लेकर सौभाग्यवती स्त्रियां ष्हरिबोलष् तथा ष्कामां के कन्हैया व लाठी वाले भैया की जय जयकार बोलते हुए आगे चल रही थी। जब यह धार्मिक काफिला नगर के विभिन्न मार्गो से होकर निकला लोगों ने पुष्प-वृष्टि कर सुंदर मालाएं पहनाकर तथा महाराज जी की आरतियाँ उतारी । नगर समर्थ्य आदि का भोग या उपयोग ही नहीं बल्कि सदुपयोग करना चाहिए। शांति को जीवन में प्रमुखता से स्थान दें। तीर्थस्थलों , उपासना स्थलों , प्राकृतिक रमणीय स्थलों , हिमालय इत्यादि में शांति मिलती है लेकिन उस शांति को बरकरार रखना या ना रखना हमारे ऊपर निर्भर करता है। परमात्मा का स्मरण मात्र मुख से नहीं साथ ही हृदय से यदि हो तो विशेष लाभदायक यात्रा में हजारों भक्तों के साथ साथ व रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक शैलेंद्र मोहन सिंघल, प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा शशांक सिंह रावत, प्रदेश कोषाध्यक्ष आशीष गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि रूपेश बाटला, कश्मीर सिंह, पंकज कुमार व भाजपा व कांग्रेस के अनेक राजनेता, अधिकारी व क्षेत्र के अन्य अनेक गणमान्य लोगों ने श्री महाराज जी का स्वागत किया ।

# उत्तरकाशी में नेपाल की महिला संग पकड़ा गया मुस्लिम युवक

उत्तरकाशी । पुरोला और मोरी में लव जिहाद का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि शनिवार को उत्तरकाशी में इसी तरह का एक और मामला सामने आया। व्यापारियों को जब आरोपित मुस्लिम युवक पर संदेह हुआ तो उन्होंने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। शनिवार की देर रात तक इस मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। आरोपित युवक से पूछताछ की जा रही है। आरोपित युवक टिहरी के कंडीसौड़ में मिस्त्री का कार्य करता है तथा युवक ने उत्तराखंड में कहीं सत्यापन भी नहीं कराया हुआ है। शनिवार की दोपहर करीब दो बजे बस अड्डे के पास एक युवक एक व्यापारी के पास गया और आधार कार्ड नंबर के जरिये पैसे निकालने के लिए पूछा। आधार कार्ड में युवक का नाम कासिम मलिक आया। युवक के साथ एक महिला और एक बालिका भी थी। व्यापारी ने युवक से महिला और बच्ची के बारे में पूछा तो युवक ने अपना परिवार बताया। परंतु महिला के मुस्लिम न लगने पर व्यापारी एकत्र हुए और युवक को पुलिस को सौंप दिया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपित युवक कासिम मलिक ने बताया कि वह नजीबाबाद बिजनौर का निवासी है और घर पर उसके दो बच्चे व पत्नी हैं। वह टिहरी गढ़वाल के कंडीसौड़ में मिस्त्री का कार्य करता है। अभी तक उसने सत्यापन नहीं कराया है। करीब दो माह से वह महिला को जानता है तथा महिला के किसी परिचित से मोबाइल नंबर लिया। बीते शुक्रवार को महिला ने उसे फोन किया तो वह महिला को मिलने के लिए उत्तरकाशी आया है। वहीं, महिला नेपाल मूल की है तथा उसका पति भारतीय अर्द्धसेना का जवान है। कोतवाली निरीक्षक दिनेश कुमार ने कहा कि आरोपित युवक से पूछताछ की जा रही है। दोनों शादीशुदा हैं। महिला ने पूछताछ में बताया कि वह जानती थी कि युवक मुस्लिम है। महिला का पति आइटीबीपी में तैनात है। वहीं दूसरी तरफ लव जिहाद मामले में आरोपितों पर शिकंजा कसने को लेकर उत्तराखंड राज्य महिला आयोग पीड़ित युवती एवं नाबालिग के बयान दर्ज करेगा। मामले की जांच कर रही पुलिस के विवेचक पर किसी तरह का दबाव न बने, इसको लेकर आयोग पहले की पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार को पत्र लिख चुका है।महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने बताया चमोली, पुरोला, हरिद्वार में लव जिहाद के आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# दृढ़ संकल्प लिया और कड़ी मेहनत से मिली सफलता

## उत्तराखंड के जांबाज युवाओं ने सेना में अफसर बनकर किया गौरवान्वित



देहरादून(उद संवाददाता)। सेना में जाने का दृढ़ संकल्प लिया और कड़ी मेहनत से सफलता प्राप्त कर नाम रोशन करने वाले मूलरूप से रुद्रप्रयाग के जखोली ब्लाक स्थित ग्राम बुडना निवासी विकास रावत का परिवार वर्तमान में देहरादून के बंजारावाला में रहता है। पिता गोविंद रावत सेना से आनरेरी कैप्टन सेवानिवृत्त हैं, जबकि मां भागीरथी रावत गोरखा मिलिट्री इंटर कालेज गढ़ीकैंट में शिक्षक हैं। दसवीं की पढ़ाई आर्मी स्कूल क्लेमेनटाउन और 12वीं की स्कालर होम से की। बकौल विकास, 'पिता चाहते थे कि मैं इंजीनियर बनूं। वह हमेशा यही कहते कि इस सबमें कुछ नहीं रखा है, बीटेक कर ले। वर्ष 2015 में जब मैं लैंसडौन में सेना भर्ती रैली में गया तो तब वहां तैनात पिता ने 500 रुपये देकर वापस लौटने को कहा था। हालांकि, आज स्थिति अलग है। पिता मुझ पर गर्व महसूस करते हैं।' विकास की पत्नी अनुष्का रावत एक फर्म में लीगल एडवाइजर हैं। कारगी चौक के विद्या विहार फेज-2 निवासी सूबेदार रणवीर सिंह के बेटे नितेश रावत ने परिवार की सैन्य परंपरा को कायम रखा है। वहीं, सेवानिवृत्त से पहले बेटे को अफसर देख पिता ने इसे खुद के लिए बड़ा उपहार बताया। मूल रूप से पौड़ी जिले के चौबट्टाखाल के खेड़ागांव निवासी नितेश के पिता सूबेदार रणवीर सिंह 66 इंजीनियर रेजीमेंट में रुड़की में तैनात हैं। जबकि नितेश के दादा साधू सिंह रावत आनरेरी कैप्टन रहे। नितेश के पिता सूबेदार रणवीर सिंह ने बताया कि 30 जून को उनका रिटायरमेंट हैं, बेटे को सैन्य अफसर के रूप में देख मेरे लिए उपहार जैसा है। बेटे का शुरू से ही सपना था कि वह भी इस परंपरा को आगे बढ़ाएगा जो उसने कर दिखाया है। इससे अधिक खुशी की बात एक पिता व उसके परिवार के लिए और क्या हो सकती है। नितेश की पढ़ाई एसजीआरआर पटेलनगर से हुई। इसके बाद डीएवी पीजी कालेज से बीएससी किया। इस दौरान सीडीएस की परीक्षा पास कर आइएमए तक पहुंचे। पासिंग आउट परेड के बाद पीपिंग सेरेमनी में नितेश की मां नीमा रावत, बहन निशा रावत भी पहुंचे। गढ़ी कैंट के बिलासपुर कांडली निवासी हवलदार दीपक राय के लिए शनिवार का दिन खास रहा। बड़ा बेटा करन राय 5/11 जीआर मे तैनात है, जबकि छोटे बेटे कौशल ने भी आइएमए से पासिंग आउट परेड पूरी कर पिता के कंधे को मजबूत किया है। दीपक ने बताया कि बचपन में जब कभी दोनों बेटे को डांट पड़ती तो कहते थे कि एक दिन हम आपके कंधे मजबूत करेंगे। मैं पत्नी लक्ष्मी राय से बार बार इस बात का जिक्र करता रहता था। आज वह याद दोहरा कर गौरवांवित महसूस कर रहा हूं। देश के लिए सेवा करना ही सबसे पहला कदम हैं खासतौर पर जब बात सैन्य परिवार की हो तो उसकी महत्ता और भी बढ़ जाती है। दोनों बेटे की पढ़ाई केंद्रीय विद्यालय बीरपुर से हुई। कौशल वर्ष 2017 में भर्ती हुए। अपने मेहतन के बूते एसीसी की परीक्षा पास की व आज यहां तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि लक्ष्य कोई भी कठिन नहीं बस उसे करने के लिए लगन मेहतन व हिम्मत ना हारने वाला होना जरूरी होना चाहिए। देहरादून के डिफेंस कालोनी निवासी समर्थ थपलियाल ने आइएमए से पासिंग आउट परेड के बाद परिवार से सैन्य अफसर के रूप में चौथी पीढ़ी को कायम रखा है। समर्थ के पिता कर्नल संजय थपलियाल दिल्ली में सेवारत हैं। दादा बृजभूषण थपलियाल लेफ्टिनेंट कर्नल थे। जबकि परदादा केदारदत्त थपलियाल बर्मा सेना में थे। मूल रूप से परिवार पौड़ी के थापली गांव निवासी समर्थ के परिवार के लिए शनिवार का दिन गौरवांवित करने वाला था। समर्थ के पिता कर्नल संजय थपलियाल ने बताया कि उनके दो बेटे में बड़ा शुभांकर थपलियाल दिल्ली में कंप्यूटर इंजीनियर है। जबकि छोटा बेटा समर्थ आज अधिकारी बन गया है। उनका शुरू से ही सपना था कि इस सैन्य परंपरा को कायम रखना है जो बेटे ने आज पूरा कर दिखाया। समर्थ की पढ़ाई आमी पब्लिक स्कूल लखनऊ से हुई। इसके बाद कालेज पुणे से किया। सीडीएस निकालने के बाद उनका यहां चयन हुआ। समर्थ के नाना भी सेना से सेवानिवृत्त हैं। जबकि मामा भी फौज में अफसर हैं। लेफ्टिनेंट दक्ष ममगाईं व उनके पिता कर्नल हरिप्रसाद ममगाईं को वर्दी में एक साथ देख परिवार के आंखों से खुशी के आंसू छलक उठे। मूल रूप से ग्राम कुहेड़ चमोली निवासी कर्नल हरि गढ़ी कैंट में रहते हैं। पत्नी मधु व परिवार के अन्य स्वजन के साथ वह भी बेटे की परेड देखने पहुंचे थे। दोनों को एक साथ देख पत्नी मध ु ने कहा कि यह उनके लिए दोगुनी खुशी वाला दिन है, जब वह दोनों को वर्दी में एक साथ देख रही हैं। कर्नल हरि प्रसाद ने बताया कि दक्ष ने दिल्ली से पढ़ाई पूरी की। इसके बाद पुणे से बीबीए किया फिर सीडीएस के माध्यम से यहां पहुंचे। बताया कि एक पिता होने के नाते वह इस दिन खुद को गौरवांवित महसूस कर रहे हैं। बागेश्वर के पंकज पांडे ने पिता सेवानिवृत्त हवलदार लक्ष्मी दत्त पांडे के बचपन का वादा पूरा किया। पिता ने पंकज को सेना में अफसर बनाने का वादा किया था। शनिवार को आइएमए से पासिंग आउट परेड के बाद उनका यह सपना पूरा हो गया। लक्ष्मी ने बताया कि वह चाहते थे कि उनका बेटा सेना में अच्छे पर जाकर नाम कमाए। दो के बेटे में बड़ा बेटा शिक्षक है इसलिए पूरी नजर छोटे बेटे यानी पंकज पर थी। उसने जहां मेरा वादा पूरा किय वहीं परिवार का मान भी बढ़ाया। आर्मी पब्लिक स्कूल बरेली से स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद जेएनयू से ग्रेजुएशन किया। सीडीएस से यहां पहुंचे। न्यू सेरा कालोनी पिथौरागढ़ निवासी हेमराज बिष्ट भी सेना में लेफ्टिनेंट बन गए हैं। जिससे उनके स्वजन खासे उत्साहित हैं। उनके पिता प्रकाश सिंह बीएसएफ में हैं और अभी एलओसी पर तैनात हैं। हेमराज की पढ़ाई न्यू बीरशेबा पब्लिक स्कूल से हुई है। इसके बाद एनडीए की परीक्षा पास की। उनकी बहन मोनिका बिष्ट आइटी सेक्टर में एचआर व भाई कपिल मर्चेंट नेवी में हैं। जौलीग्रांट निवासी शौर्य मखलोगा भी फौज में अफसर बन गए हैं। उनके पिता चंद्रवीर सिंह विधानसभा में कार्यरत हैं। दादा सूरज सिंह सेना से हवलदार रिटायर हैं। मां रीना गृहणी हैं। शौर्य ने बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा दून पब्लिक स्कूल भानियावाला से हुई। इसके बाद एनडीए प्रवेश परीक्षा पास की। उनकी छोटी बहन आस्था एमएससी कर रही हैं।

# गेस्ट हाउस में प्रेमी युगल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

विकासनगर। औद्योगिक नगरी सेलाकुई के एक गेस्ट हाउस में प्रेमी युगल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। मेरठ से आकर युवक ने युवती को मिलने के लिए सेलाकुई बुलाया था। युवती स्वजन को सहेली से मिलने की बात कहकर घर से निकली थी। शुक्रवार रात में जब वह नहीं लौटी तो स्वजन को चिंता हुई। रात में ही युवती को तलाश करने स्वजन सेलाकुई भी गए थे।हरबर्टपुर के विवेक विहार निवासी एक युवती की बीते एक जून को प्रयागराज (इलाहाबाद) में सगाई हुई थी। इसके लिए परिवार के सभी सदस्य वहां गए थे। सगाई के बाद युवती और अन्य स्वजन हरबर्टपुर आ गए थे, लेकिन युवती के पिता वही बेटे-बहू के पास रुक गए थे। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को राहुल कुमार निवासी रामनगर गली नंबर 2 गढ़ मार्ग मेरठ (उत्तर प्रदेश) सेलाकुई आया। उसने युवती को मिलने के लिए सेलाकुई स्थित एक गेस्ट हाउस में बुलाया। जहां दोनों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक पंखे के कुंडे से लटका था, जबकि युवती बिस्तर पर बेसुध पड़ी थी। थानाध्यक्ष मोहन सिंह ने बताया कि कमरे में जिस तरह से बिस्तर के हालात थे, उससे लग रहा था कि दोनों के बीच पहले हाथापाई हुई होगी। वहीं, घटना की सूचना जब पिता को मिली तो वह शनिवार को इलाहाबाद से देहरादून स्थित जौलीग्रांट हवाई अड्डा पहुंचे, जहां से वह हरबर्टपुर आए। युवती के पिता राजकीय स्कूल में शिक्षक हैं। उनकी चार बेटियां और दो बेटे हैं। सभी की शादी हो चुकी है। इस युवती की अभी सगाई हुई थी। राहुल सेलाकुई में एक कंपनी में कार्य करता था, उसी कंपनी में हरबर्टपुर की युवती भी काम करती थी। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग की शुरूआत तभी से हुई। उसके बाद राहुल नौकरी छोड़कर मेरठ चला गया। वहीं पर किसी कंपनी में काम कर रहा था। शादीशुदा होने के बाद भी उसका युवती से प्रेम प्रसंग जारी रहा। राहुल का पत्नी से तलाक का केस भी चल रहा है। पुलिस भी मामले को संदिग्ध परिस्थितियों का मानकर जांच कर रही है। जांच में इस बिंदू को भी देखा जा रहा है कि कहीं युवक ने पहले युवती की हत्या की और फिर खुद आत्महत्या कर ली। थानाध्यक्ष मोहन सिंह के अनुसार पंचनामा व पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद दोनों के शव स्वजन को दे दिए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर दोनों की मौत का समय, वास्तविक वजह ज्ञात हो सकेगी। फिल्हाल मामले को संदिग्ध परिस्थिति का मानते हुए हर बिंदू पर जांच की जा रही है।

# सरकारी स्कूलों के जर्जर हो चुके भवनों का होगा पुनर्निर्माण

रामनगर (उद संवाददाता)। सरकार चाहे शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाएं के लाख दावे करती हो लेकिन अगर धरातल पर देखा जाए तो सब कुछ इसके विपरीत है। सरकारी स्कूलों की अगर बात करें तो यहां पर शिक्षा ग्रहण करने के लिए आने वाले बच्चे पूरी तरह सुरक्षित नहीं है कई स्कूलों के भवन बिल्कुल गिरने की स्थिति में है। ऐसे में बच्चे अपनी जान को हथेली पर रखकर यहां शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं तो वही बरसातों में भवनों में पानी आने के कारण भी बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गरीब इंसान अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा व कम फीस के लिए सरकारी स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने के लिए भेजते हैं लेकिन कई स्कूलों की स्थिति आज बदहाल हो चुकी है जहां अभिभावक भी अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं। गरीब अभिभावक प्राइवेट स्कूलों में अपने बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए भेज नहीं सकते क्योंकि प्राइवेट स्कूलों की मनमानी और बेतहाशा फीस इनके आगे आड़े आती है लेकिन अब सरकार और शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों में और बेहतर सुविधा देने तथा जर्जर हो चुके स्कूलों के भवनों का पुनर्निर्माण का



काम करने का निर्णय लिया है जिसके क्रम में रविवार को तहसीलदार विपिन चंद्र पंत ने शिक्षा विभाग व राजस्व विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों के साथ नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के सभी सरकारी स्कूलों का निरीक्षण किया तहसीलदार बिपिन चंद्र पंत ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा रामनगर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में 131 स्कूल चिन्हित किए गए हैं जिनको चार श्रेणी में बांटा गया है जिसमें डी श्रेणी में 14 स्कूल शामिल किए गए हैं इन सभी स्कूलों के भवन बुरी तरह जर्जर हो चुके हैं उन्होंने बताया कि ऐसे स्कूलों का पुनर्निर्माण एवं अन्य स्कूलों में रिपेयरिंग व मरम्मत का कार्य शुरू शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के बाद यह रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रेषित की जाएगी।

# पलायन रोकने को बच्चों को दें रोजगार परक शिक्षा:डीएम

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डीडीहाट सलाहकार समिति की बैठक जिलाधिकारी श्रीमती रीना जोशी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में संपन्न हुई। जिसमे संस्थान की तरफ से बैठक में उपस्थित डाइट प्रवक्ता राजेश कुमार पाठक ने



बैठक का संचानल किया और डाइट में हो रहें प्रशिक्षण कार्यक्रम, डाइट में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भूगोल उदेश्य एवं कार्य की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनपद अंतर्गत स्वीकृत कुल 27 पदों के सापेक्ष मात्र 8 अध्यापक ही कार्यरत हैं और 16 कार्यालय स्टॉप के सापेक्ष मात्र 09 कर्मचारी अधिकारी ही उपलब्ध हैं। जिलाधिकारी ने डायट के माध्यम से दिए जाने वाले प्रशिक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए अपने सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि ऑडियो और वीडियो के माध्यम से क्लास वाइज कोर्स डिवेलप किया जाए और उनको समय-समय पर अपडेट भी किया जाता रहेगा जिससे टीचरों की कमी होने पर भी विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने में सहयोग मिलेगा। जिलाधिकारी ने कहा बच्चों को व्यवसायिक शिक्षा जैसे मोबाइल रिपेयरिंग, फ्रीज रिपेयरिंग, एलईडी टीवी, पंखा रिपेयरिंग आदि अन्य प्रकार का प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाए ताकि विद्यार्थियों को आजीविका के लिए पलायन ना करना पड़े। इसके साथ ही बालिका शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने यहां के कल्चर, पर्यटन जैसे क्षेत्रों में शोधकार्य करने के लिए कहा ताकि क्षेत्र के विकास साथ-साथ यहां के लोगों को भी रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके। बैठक में जिलाधिकारी ने डाइट डीडीहाट के 78.80 लाख रुपए के बजट के अनुमोदन की सहमति प्रदान की। बैठक में जिला माध्यमिक शिक्षा अधिकारी हवलदार प्रसाद, खंड शिक्षा अधिकारी बिण गणेश सिंह ज्याला, जिला शिक्षा अधिकरी प्रारंभिक एचसी सेमवाल, डाइट प्राचार्य हरक राम कोहली, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से सुरेंद्र धामी, प्रवक्ता राजेश कुमार पाठक, डाइट प्राचार्य हरक राम कोहली, नियोजन प्रवक्ता ममता खोलिया सहित अन्य डायट शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# प्री-मानसून से बदलेगा मौसम,सात जनपदों में बारिश और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट

देहरादून। उत्तराखंड में मानसून ने अभी दस्तक तो नहीं दी, लेकिन प्री-मानसून और पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण उत्तराखंड के पहाड़ से मैदानी क्षेत्र में रविवार से 15 जून तक वर्षा, आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि और कहीं-कहीं 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। मौसम बदलने के बाद प्रचंड गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विज्ञान केंद्र ने देहरादून समेत सात जनपदों के लिए नारंगी अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि रविवार से 15 जून तक प्रदेश के अधिकांश क्षेत्र वर्षा, आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि और कहीं-कहीं 70 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। उन्होंने बताया कि देहरादून, उत्तरकाशी, टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, उधमसिंह नगर, नैनीताल जनपदों में मौसम के बदले मिजाज को देखते हुए नारंगी अलर्ट जारी किया है, जबकि अन्य जनपदों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि व 40 से 50 किलोमीटर तेज हवाएं चलने का अंदेशा है। ऐसे क्षेत्रों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम का यह बदला हुआ मिजाज शनिवार शाम से उत्तरकाशी में बादल छाए रहने और बूंदाबांदी होने से देखा गया। शनिवार सुबह तक चटक धूप खिलने से देहरादून का अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस अधिक 39.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 22.9 डिग्री सेल्सियस बना रहा। दून ही नहीं ऋषिकेश, हरिद्वार, रुड़की और डोईवाला क्षेत्र में भी दिनभर प्रचंड गर्मी ने बेहाल किया। देहरादून व मसूरी में शाम सात बजे बाद हल्के बादल छाए रहे, जिससे कुछ राहत महसूस की गई। उधमसिंह नगर का अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 39.4 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री नीचे 21.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। नई टिहरी का अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 28.8 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 17.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, इसके अलावा चमोली, रुद्रप्रयाग, पौड़ी, टिहरी, उत्तरकाशी के निचले क्षेत्रों में गर्मी ने तेज धूप ने दिनभर बेहाल किया।

## पेज एक का शेष...

**भाजपा किसान मोर्चा....**तेजी से विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। आज विश्व के कई देश भारत के तेजी से हो रहे विकास से काफी प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के किसानों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा कई लाभकारी योजनायें संचालित की जा रही हैं। जिनका लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए भी कार्य किया जा रहा है। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के किसानों की उपज का उचित मूल्य देने के लिए निरंतर कार्य किये हैं। देश के किसानों को खुशहाल बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही। रैली किच्छा बाईपास रोड़ में मोदी मैदान से प्रारम्भ होकर डीडी चौक, मुख्य बाजार, गल्ला मंडी रोड़, काशीपुर रोड़, इन्द्रा चौक, किच्छा रोड़ होते हुए भाजपा जिला कार्यालय में पहुंचकर समाप्त हुई। रैली के दौरान कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा पार्टी के नारे लगाते हुए ट्रैक्टर पर सवार होकर जा रहे थे। इस दौरान मेयर रामपाल सिंह, हिमांशु शुक्ला, इन्द्रपाल मान, राकेश सरकार,राम किशन कोली, हरपाल चावला, उमेश, राजीव शुक्ला, मोहन तिवारी, ईश्वरी पाण्डे, गोपाल पटेल, कुलवंत सिंह, राकेश, संजीव पाण्डे, जितेन्द्र संधू, मनोज सैनी, भीमसेन गुप्ता, जयदीप सिंह, दीपक सिंह, संजीव चौधरी, भरत मिश्रा, विजेन्द्र चौहान, प्रवीण तोमर, शांतनु सिंघल, सुधीर डागर, मेहर सिंह, रणदीप सिंह, हरेन्द्र सिंह, नरेन्द्र सिंह, हरपाल सिंह, गुरमीत सिंह, गोल्डी, जसवंत सिंह, विक्रम जीत सिंह, प्रमोद शर्मा, टीएन जोशी, पीसी शर्मा, परविन्दर सिंह, सतीश कक्कड़, रिंकू शुक्ला,दीपक कुमार सहित सैकड़ों कार्यकता मौजूद थे।

**चोरी की पांच..**सक्रिय किया गया। मुखबिर की सूचना पर महतोष तिराहे से आगे भाखडा पुल के पास पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाते हुए मोटर साईकिल संख्या यू के 18के 4128 को रोका और कागज मांगे तो वह कागज नहीं दिखा पाया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम राहुल चन्द्रा पुत्र रामअवतार निवासी मजराशीला थाना गदरपुर बताया। सख्ती से पूछताछ करने पर राहुल ने बताया कि उसने यह बाइक अपने साथी शानू पुत्र मो. अली निवासी ग्राम डौंगपुरी गदरपुर के साथ मिलकर कुछ दिन पहले महतोष ईट भटटा के पास से चुराई थी। पूछताछ में राहुल ने कबूल किया कि इससे पूर्व भी उसने दोस्त शानू के साथ मिलकर गदरपुर, रूद्रपुर तथा स्वार आदि स्थानों से कई मोटरसाइकिले चोरी की थी। इन्ही चुराई मोटरसाईकिलो मे से चार मोटरसाईकिलें एन0डी0आर0एफ0 कैम्प के सामने खाली प्लाटो की झाडियों में छुपाई हैं। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर मौके से चार बाइकें बरामद कर ली। पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजेश पाण्डेय, उपनिरीक्षक ओमप्रकाश, महेश चन्द्र,कांस्टेबल गोरख नाथ,कैलाश मनराल, प्रकाश टम्टा आदि शामिल थे।

**शिरोर गांव में सीएम ....**गई है। कहा कि सरकार पर्वतीय क्षेत्र के किसानों से मंडवा, झिंगोरा, चौलाई जैसे मोटे अनाजों की खरीद एमएसपी पर कर रही है और किसानों को इसका ऑनलाइन भुगतान भी किया जा रहा है। ग्राम सिरोर नेताला में सीएम सुबह भ्रमण पर निकले और ग्राम वासियों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम जाना। इस दौरान उन्होंने खेतों में पावर वीडर से जुताई की। मुख्यमंत्री ने राज्य में होने वाले श्रीअन्न उत्पादों को बढ़ावा देने के मकसद से ग्राम सिरोर में 'लाइन शोइंग' विधि से मंडुआ की बुआई की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भागीरथी नदी से हो रहे कटाव के बारे में भी ग्राम वासियों से जानकारी ली। उन्होंने स्थानीय लोगों से सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में फीडबैक लिया। ग्राम सिरोर में 'लाइन शोइंग' विधि से मंडुआ की बुवाई करने के साथ ही उन्होंने महिलाओ को मंडुए के बीज वितरित किए। विभिन्न कृषि उपकरणों के बारे में जानकारी लेते हुए उन्होंने आधुनिक उपकरणों को किसानों को ज्यादा से ज्यादा वितरित किए जाने की बात कही। साथ ही कहा कि खेतों में जीवामृत खाद, बीजामृत खाद का भी छिड़काऊ किया। इसके अलावा सीएम ने जीवामृत खाद, बीजामृत खाद के इस्तमाल को खेतो में ज्यादा से ज्यादा बड़ाए जाने की बात कही। उन्होंने कहा प्रात: काल भ्रमण के दौरान ग्राम वासियों से मिलकर सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों का फीडबैक मिलता है। उत्तराखंड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाए जाने का सपना गांव को आदर्श एवं सर्वश्रेष्ठ बनाने से ही पूरा होगा।

**रेस्टोरट में बवाल....**साथ मौजूद मौहम्मद जुनैद उत्तेजना फैलाने वाली बातें करने लगा। रजत ने तहरीर में बताया कि इतने में वहाँ मोहल्ला अल्ली खाँ व अन्य जगह के लोग आ गये जिनमें से मोनू सिद्दिकी, अल्फाज अव्वासी व नूर मौहम्मद जिन्हें मैं पहले से जानता था शामिल थे। उसके रेस्टोरन्ट के बाहर लगभग 250-300 लोग इकट्ठा हो गये उनमें से कुछ लोग उसके रेस्टोरेन्ट में घुसकर गाली गलौच व धक्का मुक्की व अभद्र व्यवहार करने लगे। जिस पर वह अपनी जान बचाकर वहां से भाग आया। रजत की तहरीर के आधार पर पुलिस ने 5 नामजद सहित अज्ञात के विरुद्ध धारा 147, 148, 268, 323, 504 व 506 आईपीसी के , तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

**सड़क हादसे में....**घटना को लेकर परिवार में कोहराम मचा है। हादसे के बाबत प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि मोटरसाइकिल की रफ्तार अत्यधिक होने के कारण हादसा घटित हुआ। पता चला है कि घटना की तत्काल बाद मौके पर जमा भीड़ का फायदा उठाते हुए आरोपी वहां से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने आरोपी तथा उसके वाहन को तस्दीक कर लिया है।

**घर में घुसकर....**सोनू पर धारदार हाथियार से जान लेवा हमला कर दिया। जिससे पति के सिर पर गम्भीर चोटें आईं। वह सरकारी अस्पताल में भर्ती है । उक्त लोग पति को जान से मारना चाहते थे। आरोप है हमलावरों ने उसके घर पर पत्थराव भी किया। उनसे परिवार को जानमाल का खतरा बना हुआ है । पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।






# मोदी सरकार की गलत नीतियों से व्यापारी बर्बादी के कगार पर : अरशद

काशीपुर(उद संवाददाता)। हिंदुस्तान उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं जौनपुर (उ.प्र.) के सदर सीट से पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान रविवार को अपराहन काशीपुर पहुंचे। यहां रामनगर रोड स्थित एक होटल के सभागार में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की भांति उत्तराखंड में भी व्यापारियों को एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण आज व्यापारी बर्बादी के कगार पर हैं। कहा कि अत्याचारों की लंबी लिस्ट लेकिन व्यापारी सोया हुआ ही है। पूर्व विधायक ने कहा कि सरकार ने सबसे पहले सर्राफा व्यापार को बर्वाद किया। फिर नोटबन्दी करके छोटे व्यापारी को बर्वाद किया फिर जटिलताओं से लदा जीएसटी थोप कर व्यापारी की गर्दन दबोचा। फिर रियल स्टेट उद्योग को फांसी पर चढ़ा कर पूरे देश की अर्थव्यवस्था बर्बाद की। आजकल



अतिक्रमण के नाम पर रुद्रपुर, किच्छा, लालकुआं, हल्द्वानी, रामनगर समेत पूरे देश मे हजारों ऐसे व्यापारियों को बुलडोजर लगाकर उजाड़ दिया गया जो लगभग 100 बर्षो से अपनी आजीविका चला रहे थे। व्यापारियों की कहे जाने वाली भाजपा मोदी सरकार को चाहिए कि देश की अर्थव्यवस्था चलाने में महत्वपूर्ण इस व्यापारी/उद्यमियों की परेशानियों को दूर करने का गम्भीर प्रयास करे ।हिंदुस्तान उद्योग व्यापार मंडल के स्टेट कोऑर्डिनेटर रवि छाबड़ा, आकाश यादव, मोहम्मद नाजिम सैफी, डॉक्टर नईम अहमद, सरदार निर्मल सिंह, कमर आलम, हनीफ गुड्डू, आदि मौजूद रहे।

# अब्दुल अजीज बने प्रदेश अध्यक्ष

काशीपुर। कार्यक्रम के दौरान हिंदुस्तान उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष मोहम्मद अरशद खान ने काशीपुर निवासी हाजी शेख अब्दुल अजीज कुरैशी को संगठन में प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी। उन्होंने अपेक्षा जताई कि श्री कुरैशी के नेतृत्व में उत्तराखंड में जल्द ही व्यापारी संगठित होंगे। मनोनयन पर श्री कुरैशी ने भी संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई है उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

CONSTRUCTING HAPPINESS

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497

# काशी गार्डन

## आवासीय प्लॉट एवं विला

- रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
- 40 एवं 30 फीट की सड़कें
- 4 पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- सीव्रेज व्यवस्था
- ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
- 90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा

साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर

86504-18000